# “ संस्कार ”

Email.dciedssbk@gmail.com
मो. 9904538217
मकान नं. 40 शांती विहार कॉलोनी
रिक्को आवासीय एरिया,मण्डार
तह. रेवदर जिला-सिरोही ( राज. )

## “ मेरा भगवान दिव्यांगो मे ”

रजि. 48/सिरोही/2016-17

## “ संस्कार ”

शैक्षिक पुनर्वास
एवं अनुसंधान संस्थान

# वार्षिक प्रतिवेदन 2018-19

# संस्थान का पंजीयन

**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय रजिस्ट्रार (संस्थाएं) सिरोही (राजस्थान)**

**रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र**

**कमांक 48 / सिरोही / 2016–17**

यह प्रमाणित किया जाता है कि **संस्कार शैक्षिक पुनर्वास एवम् अनुसंधान संस्थान,गांव–मण्डार, तहसील–रेवदर, जिला–सिरोही** का राजस्थान संस्था रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1958 (1958 का अधिनियम संख्या 28) के अन्तर्गत पंजीयन कमांक 48 / सिरोही / 2016–17 पर आज दिनांक 29.11.2016 को किया गया।

यह प्रमाण पत्र मेरे हस्ताक्षर और कार्यालय की मोहर से आज दिनांक 29.11.2016 (उनतीस ग्यारह दो हजार सोलह) को सिरोही में जारी किया गया।

रजिस्ट्रार संस्थाएं सिरोही

जिला - सिरोही

(राजेन्द्र प्रसाद दायमा)
रजिस्ट्रार (संस्थाएं)
सहकारी समितियां,सिरोही

# संस्थान के उदेश्यो

1. विकलांग बालको की सर्वे एवं पहचान करना।
2. जनता में विकलांगता के प्रति जागृति लाना एवं उसके कारणो का पता लगाना एवं निदान हेतु प्रयास करना ।
3. विकलांग बालकों के माता-पिता एवं परिवार को उनकी देखभाल एवं पूनर्वास की जानकारी एवं प्रशिक्षण देना ।
4. विकलांग बालाको को प्रशिक्षण के द्वारा आत्मविश्वास जगाना एवं उनके माता-पिता की मनोवृति परिवर्तन करना ।
5. विकलांग के लिए विभिन्न प्रकार के विशेष शिक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्रो का संचालन करना ।
6. विकलांग की शिक्षा पुनर्वास एवं कन्याणकारी योजनाओ को लागु करना ।
7. ग्रामीण छात्रो हेतु आवासीय शिक्षा केन्द्र का संचालन करना ।
8. विकलांगो को समाज की मुख्यधारा से जोडना ।
9. जनचेतना हेतु विभिन्न प्रकार की कार्यशालाओ एवं प्रदर्शनियों का आयोजन करना ।
10. विकलांग बालको के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत संस्थाओं से सम्पर्क एवं सहायता आदान-प्रदान करना।

‘‘ हमें दया नही, प्यार चाहिए,
सहानूभूति नहीं आधार चाहिए ।
मर्यादा नहीं, विस्तार चाहिए,
व्यापार नहीं, व्यवहार चाहिए ।’’

आप भी आएं अपनी संस्थान व हमसे जुडे साथ ही

जोडे समाज के बालको को जो मानसिक विमन्दित, ओटिजम, सी.पी.

बहु विकलांगता, मुक बधिर या नैत्रहीन होने के कारण अभिशप्त

जीवन जी रहे है ।हम प्रयासरत है ऐसे बालको के जीवन को

नयी दिशा देने को.....

# प्रस्तावना

दिव्यांग बच्चो के लिए दिनांक 1-5-2018 से लक्ष्मी नगर कॉलोनी में विद्यालय सुचारू रूप से प्रारम्भ किया गया । मानसिक, विमन्दित , सी.पी. ओटीजम एवं बहु विकलांग 39 दिव्यांग बच्चो को संस्थान द्वारा निःशुल्क शिक्षण/ प्रशिक्षण एवं परिवहन सुविधा प्रदान की गई । यह 39 बच्चे ग्रामीण क्षेत्र से एवं गरीब परिवार से थे। उन बच्चो को अपने माता-पिता बोझ समजे थे ।विशेष विद्यालय से जुडने से व अपना दैनिक कार्य करना सिखे थे ।

विशेष शिक्षको के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । संस्थान के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया जिसमें दिव्यांग बच्चो को स्कुल ड्रेस एवं बैग वितरण कार्यक्रम । सांस्कृति एव स्नेह मिलन समारोह, त्योहारो का उत्सव, जागरूकता कार्यक्रम इत्यिादी कार्यक्रमो का आयोजन करवाया गया ।

# संस्थान की गतिविधि

दिव्यांग बच्चो के लिए संस्कार विशेष विद्यालय

दिव्यांग बच्चो को केम्प में साधन साहय वितरण

दिव्यांग बच्चो को स्कुल ड्रेस एवं बैग वितरण

" संस्कार "
शैक्षिक पुनर्वास एवं अनुसंधान संस्थान

दिव्यांग मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन ।

विश्व विकलांग दिवस उत्सव ।

दिव्यांग बच्चो के साथ त्योहारो का उत्सव

# दिव्यांग बच्चो के लिए संस्कार विशेष विद्यालय

दिव्यांग बच्चो के लिए दिनांक 1-5-2018 से लक्ष्मी नगर कॉलोनी में विद्यालय सुचारू रूप से प्रारम्भ किया गया । मानसिक, विमन्दित , सी.पी. ओटीजम एवं बहु विकलांग 39 दिव्यांग बच्चो को संस्थान द्वारा निःशुल्क शिक्षण/ प्रशिक्षण एवं परिवहन सुविधा प्रदान की गई । यह 39 बच्चे ग्रामीण क्षेत्र से एवं गरीब परिवार से थे उन बच्चो को अपने माता-पिता बोझ समजे थे । विशेष विद्यालय से जुडने से व अपना दैनिक कार्य करना सिखे थे ।





# प्रेस नोट

जालोर-सिरोही

मंडार, सिरोही,

## दिव्यांग विद्यार्थियों को विद्योपार्जन कराने में जुटे चौधरी

### विद्यालय को सरकारी इमदाद व भामाशाहों के सहयोग की दरकार

दिनेश जैन, नवज्योति/मंडार।

कहते है कि जिस व्यक्ति के दिल में औरो के प्रति दया का भाव हो एवं दुसरों की पीड़ा को अपनी पीड़ा मानता हो वो व्यक्ति नर से नारायण भी बन सकता है एवं अन्यों की सेवा कर अपने जिंदगी के अमूल्य क्षण उनके साथ में बिताकर जो सेवा का लाभ लिया जाता है। उससे बढ़कर कोई भी महान कार्य नहीं हो सकता ऐसी ही कुछ भावनाओ से मूलतः गुजरात के वाछोल निवासी रमेश कुमार चौधरी व उनकी पत्नी उर्मिला चौधरी ने विगत छः माह से मंडार कस्बे में दिव्यांग छात्र-छात्राओं को विद्या उपार्जन करवाने के लिए बिड़ा उठाये रखा है। उन्होंने अपने स्वंय के खर्चे पर घर-घर जाकर ऐसे दिव्यांग बच्चों को एकत्रित कर विद्योपार्जन से जोड़ने का मानस बनाया है व आज उक्त विद्यालय में करीबन 35 से 40 मुख बधीर नेत्रहीन ऐसे दिव्यांग बालक-बालिकाएं



विद्योपार्जन कर पूरे दिन भर खुशी मिजाज नजर आ रहे है।

नवज्योति से वार्ता के दौरान संचालक रमेश चौधरी ने बताया कि वे गुजरात के पालनपुर में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विद्यालय निरीक्षण कर्मचारी के पद पर नियुक्त है एवं वो ही उनकी आजीविका का साधन भी है। उन्होंने बताया कि कई बार वे गुजरात के विभिन्न विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान पहुंचे तो वहां पर कई अनाथ व असहाय बच्चों से रूबरू हुए एवं उनसे वार्ता के दौरान कई ऐसे बच्चों से भी रूबरू होने का मौका मिला जो कि आर्थिक दृष्टि से तो कमजोर थे ही, लेकिन शारीरिक रूप से भी बच्चे सक्षम नहीं थे। लगातार उनके निरीक्षण के दौरान ऐसे बच्चों से रूबरू होने के बाद उनके दिल में एक भावना पैदा हुई कि वे भी अपनी नौकरी के साथ-साथ अपनी पत्नी का भी सहयोग लेकर ऐसे बच्चों को अपने स्वयं के खर्चे पर विद्यालय से जोड़कर उनको पढ़ाने का कार्य करे तभी लगातार गहन जांच पड़ताल के बाद उन्होंने मंडार कस्बे को चिन्हित किया। जहां पर उन्हें उनके पुराने मित्र गुलाम दस्तगिर कुरेशी से मुलाकात हुई और उन्होंने उनसे इस संबंध में वार्ता की तब उन्होंने भी इस कार्य में सहभागिता निभाने का मानस बनाया एवं दोनों ने मिलकर कस्बे में सर्वे कर ऐसे बच्चों को अभिभावकों से मुलाकात की एवं देखते ही देखते कस्बे के करीबन 30 से 35 ऐसे दिव्यांग बालक-बालिकाओ को विद्यालय से जोड़ा एवं पावडीया फला में एक भवन किराये पर लेकर विधायक जगसीराम कोली के हाथो से इस विद्यालय का उद्घाटन भी करवाया। तब से लेकर आज तक इस विद्यालय में ऐसे बालक बालिकाओ का निरंतर आवागमन जारी है एवं बालक बालिकाएं खेलकूद व मनोरंजन के साथ साथ विद्योपार्जन कर पूरे दिन खुश मिजाज नजर आते है।

**चौधरी दम्पती ने उठाया मूक-बधीरों की शिक्षा का जिम्मा**

चौधरी ने बताया कि यदि इस विद्यालय को सरकारी अनुदान मिले एवं प्रशासनिक स्तर पर कुछ सहयोग दिया जाये तो वे यहां पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में ऐसे बालक-बालिकाओं को जोड़ने का मानस रखते है। हालांकि इस विद्यालय में अध्ययनरत ऐसे बालक-बालिकाओं की जानकारी मिलने पर मां सेवा ट्रस्ट जेतावाडा के संचालक प्रवीण भाई शाह ने भी विद्यालय का अवलोकन किया एवं सरकार को इस कार्य को करने की बधाई भी दी साथ ही साथ उन्होंने बच्चों को ऊनी स्वेटर व स्कूली सामग्री भी वितरित की व आगामी दिनों भी इसी तरह से सहयोग करने का भरोसा दिलाया।



मानसिक विमन्दित व सेरेबल पाल्सी विद्यार्थीयों द्वारा एक्युप्रेशर के माध्यम से व्यायाम

# मानसिक विमन्दित बच्चों स्कुल ड्रेस एवं बैग वितरण






हरेशभाई शाह के द्वारा बच्चो कों स्कुल ड्रेस
अलमारी, टेबल आदी संस्थान को सहयोग किया ।

# प्रेस नोट

## मुकबधिर बालक-बालिकाओं को खाद्य सामग्री वितरित



मंडार। कस्बे के पावड़िया फला मार्ग पर स्थित मुकबधिर एवं नेत्रहिन सहित अनेक रोगों से ग्रस्त बालकों के स्कूल में सारद संस्था की ओर से सरपंच राजाराम कोली, समाजसेवी इतियाज भाटी व बलवंतसिंह हुबड़ ने खाद्य सामग्री वितरित की। इस दौरान सरपंच कोली ने कहा कि यह एक बेहतरी स्कूल है जहां मुकबिधर सहित कई रोगों से ग्रस्त बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है, यह बड़े पुण्य का कार्य है। इसलिए इस तरह की स्कूलों में गांव के सभी लोगों को भागीदारी निभानी चाहिए। समाजसेवी इतियाज भाटी एवं बलवंतसिंह हुबड़ ने कहा कि इस तरह के स्कूल से उन बालकों को आगे आने का अवसर मिलता है, जो पूरी तरह से नेत्रहिन एवं मुकबधिर है, जिसके लिए उन्होंने संस्था के रमेश कुमार चौधरी का आभार जताया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन ।

संस्थान द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं द्वितीय स्नेह मिलन समारोह का आयोजन दिनांक 15-8-2018 को रखा गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धानेरा विधायक-नथाभाई पटेल, विशिष्ठ अतिथि- हमीरसिंह भाटी थानाधिकारी मण्डार, गौरव सक्शेना, आर टी. ओ एवं प्रसाशनिक अधिकारी मौजुद रहे । कार्यक्रम में मानसिक, विमन्दित , सी.पी. ओटीजम एवं बहु विकलांग दिव्यांग बच्चो के द्वारा विभिन्न देश भक्ति गानो पर प्रस्तुति दि गई । इस बच्चो को देख कर सभी व्यक्ति प्रशन्न हो गए ।











# दिव्यांग बच्चो के साथ त्योहारो का उत्सव



मानसिक, विमन्दित , सी.पी. ओटीजम एवं बहु विकलांग बच्चो के साथ रक्षाबंधन के त्यौहारा पर रमेशभाई चौधरी ( एयरफार्से ) ने उत्सव मनाया ।

# विश्व विकलांग दिवस उत्सव ।

संस्थान द्वारा विश्व विगलांग दिवस दिनांक 03-12-2018 को ताराचन्दजी जैन के द्वारा दिव्यांग बच्चो को कम्बल वितरण करवाई गई । जिससे मानसिक, विमन्दित , सी.पी. ओटीजम एवं बहु विकलांग दिव्यांग को विद्यालय माला पहनाकर स्वागत किया गया ।सभी दिव्यांग बच्चे खुश हो गए ।



# दिव्यांग मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# दिव्यांग बच्चों ने ली शपथ



**सीधा सवाल** । मंडार । संस्कार शैक्षिक पुनर्वास एवं अनुसंधान संस्थान मंडार के तहत सोमवार को दिव्यांग मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप 2019 शपथ ग्रहण का कार्यक्रम किया गया । वहीं संस्कार विशेष विधालय के संस्थापक रमेश भाई चौधरी ने विधालय के करीब उनचालिस बच्चों को मतदान का महत्व बताकार शपथ कार्यक्रम करवाया । इस अवसर पर बच्चो ने भी बड़े उत्साह के साथ अपनी-अपनी भाषा के अनुसार विचार व्यक्त कर बड़ी खुशी जाहिर की । इस मौके पर अध्यापिका उर्मिला चौधरी, अध्यापक गठवी हिंगलाजदान, दिव्यांग सेवा संस्थान के ब्लॉक अध्यक्ष खुशालभाई, गुलाम वस्तगीर, दिनेश भाई व प्रवीण भाई ने भाग लिया ।

# दिव्यांग बच्चो को केम्प में साधन सहाय वितरण

## संस्कार शैक्षिक संस्थान मंडार के बीस दिव्यांग बच्चों को मिला सम्मान



संवाददाता.रणवीर राजस्थान

रेवदर। कस्बे के समीपवर्ती मंडार के रिको आवासीय कॉलोनी में संचालित संस्कार शैक्षिक पुनर्वास एवं अनुसंधान संस्थान के संस्थापक व सचिव रमेश कुमार चौधरी व विद्यालय के प्रधानाध्यापिका उर्मिला चौधरी द्वारा दिव्यांग बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही हैं। वही संस्थान के संस्थापक ने बताया कि पावापुरी तीर्थ जीव मैत्रीधाम में आठ फरवरी को के पी संघवी चैरिटेबल ट्रस्ट पावापुरी व भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर द्वारा आयोजित विशाल दिव्यांग शिविर में संस्कार विशेष विद्यालय मंडार के कुल बीस दिव्यांग बच्चों को उपकरण दियें गयें। जिसमें मूक बधिर बच्चों को पन्द्रह कान की मशीन, सात व्हीलचेयर एवं तीन ट्राईसाइकल प्राप्त हुई। वही इस दिव्यांग शिविर में तीन दिन तक लगातार सेवा देने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा संस्थापक चौधरी को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।

# संस्थान को मिला सम्मान

# दिव्यांग बच्चो के लिए उत्कृष्ठ कार्य करने पर मिला सम्मान पत्र



## इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड

पश्चिमी क्षेत्र पाइपलाइन्स

(पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार का 'महारत्ना' सार्वजनिक उपक्रम)

के निगमित सामाजिक दायित्व ( सी.एस.आर. )

कार्यक्रम के अन्तर्गत कृत्रिम अंग एवं उपकरण नि:शुल्क वितरण शिविर - 05.03.2019

**प्रमाण-पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती उर्मिला

पुत्र/पुत्री श्री रमेश कुमार चौधरी ने इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ( पश्चिमी क्षेत्र पाइपलाइन्स ) के निगमित सामाजिक दायित्व ( सी.एस.आर. ) कार्यक्रम के अन्तर्गत दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का नि:शुल्क वितरण शिविर को सफल बनाने में अपना योगदान देने हेतु यह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं सहित।

स्थान : सिरोही

दिनांक : 05 मार्च 2019

( अशोक जम्बुर )
मुख्य महाप्रबंधक ( मानव संसाधन )
इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड

अधिकारी
भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम ( एलिम्को ), कानपुर

( राजेन्द्र पुरोहित )
सहायक निदेशक
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सिरोही



सेवा एवं सहयोग

**के पी संघवी चेरीटेबल ट्रस्ट ( पावापुरी ), भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति ( जयपुर ), एवं भारत सेवा संस्थान ( जोधपुर )**

के संयुक्त तत्वावधान में

**विशाल दिव्यांग शिविर**

सम्मान-पत्र

श्री उर्मिला जैन चौधरी

माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक जी गहलोत के मुख्य आतिथ्य में पावापुरी तीर्थ-जीव मैत्रीधाम में दिनांक 8 से 10 फरवरी 2019 को आयोजित इस शिविर में आपके सामाजिक सरोकार की शुभ भावनाओं से समर्पित भाव से सेवाएं प्रदान करने पर यह सम्मान पत्र प्रदान किया जाता है। आप आगे भी इस तरह की सेवा करते रहे इन्हीं शुभकामनाओं के साथ आपका अभिनन्दन।

| किशोर एच. संघवी | डी. आर. मेहता | भुपेन्द्रराज मेहता | जी एस बाफना | नरपत सिंह कच्छवाहा |
|---|---|---|---|---|
| चेयरमैन | संस्थापक एवं मुख्य संरक्षक | सचिव | सचिव | प्रभारी |
| के पी संघवी चेरीटेबल ट्रस्ट | भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति | भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति | भारत सेवा संस्थान | उप प्रभारी, भारत सेवा संस्थान |
| पावापुरी | जयपुर | जयपुर | जोधपुर | जोधपुर |



सेवा एवं सहयोग

**के पी संघवी चेरीटेबल ट्रस्ट ( पावापुरी ), भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति ( जयपुर ), एवं भारत सेवा संस्थान ( जोधपुर )**

के संयुक्त तत्वावधान में

**विशाल दिव्यांग शिविर**

सम्मान-पत्र

श्री रमेश भाई चौधरी

माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक जी गहलोत के मुख्य आतिथ्य में पावापुरी तीर्थ-जीव मैत्रीधाम में दिनांक 8 से 10 फरवरी 2019 को आयोजित इस शिविर में आपके सामाजिक सरोकार की शुभ भावनाओं से समर्पित भाव से सेवाएं प्रदान करने पर यह सम्मान पत्र प्रदान किया जाता है। आप आगे भी इस तरह की सेवा करते रहे इन्हीं शुभकामनाओं के साथ आपका अभिनन्दन।

| किशोर एच. संघवी | डी. आर. मेहता | भुपेन्द्रराज मेहता | जी एस बाफना | नरपत सिंह कच्छवाहा |
|---|---|---|---|---|
| चेयरमैन | संस्थापक एवं मुख्य संरक्षक | सचिव | सचिव | प्रभारी |
| के पी संघवी चेरीटेबल ट्रस्ट | भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति | भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति | भारत सेवा संस्थान | उप प्रभारी, भारत सेवा संस्थान |
| पावापुरी | जयपुर | जयपुर | जोधपुर | जोधपुर |